आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वित्तीय मजबूती और ग्राहक उन्मुख नवाचार के साथ मुख्य क्षेत्रों में प्रदर्शन की समीक्षा की।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल टीबी उन्मूलन पर सौ दिवसीय अभियान पर चर्चा की ।
- मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल डिगलीपुर के दौरे पर हैं।
- प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय इन–सर्विस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री सीतारामन ने कल नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वार्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्तीय मजबूती, समेकित उधार, साईबर सुरक्षा और ग्राहक उन्मुख नवाचार पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ मुख्य क्षेत्रों में प्रदर्शन की समीक्षा की गई। श्रीमती सीतारामन ने पहली जुलाई से शुरू होने वाले आगामी तीन महीने के वित्तीय समावेशन सेचुरेशन अभियान में सक्रियता से शामिल होने के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को निर्देश दिए। इसमें दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को सम्मिलित किया जाएगा। बैंकों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उदयमों के लिए नये क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के कार्यान्वयन को सशक्त बनाने के भी निर्देश दिए गये।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल द्वीपसमूह में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लिए सौ दिवसीय गहन अभियान पर एक प्रस्तुति की समीक्षा की। राज निवास में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रशासन ने बहुस्तरीय स्वतंत्र निगरानी और निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण सहायता प्रदान करके टीबी उन्मूलन के लिए प्रशासनिक प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है। मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिला उपायुक्तों ने अन्य हितधारकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए दो जुलाई को शाम चार बजे उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन हॉल में बैठक आयोजित किया जाएगा। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले के पंजीकृत निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के साथ बैठक होगी। पंजीकृत निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के सभी प्रभारियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

पांच सितंबर, दो हजार पच्चीस को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए स्कूल शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्राथमिक, मध्य, उच्च, उच्चतर माध्यमिक के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और स्कूल प्रमुख इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं, लेकिन उन शिक्षकों पर विचार किया जा सकता है जिन्होंने तीस अप्रैल तक अपनी सेवा प्रदान की है। शैक्षिक प्रशासक, शिक्षा निरीक्षक और प्रशिक्षण संस्थानों के कर्मचारी इन पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। शिक्षक या प्रधानाध्यापक को ट्यूशन में लिप्त नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, नियमित शिक्षक और न्यूनतम दस साल की सेवा प्रदान करने वाले स्कूल प्रमुख ही इसके लिए पात्र हैं। आवेदन nationalawardstoteachers.education.gov.in पर तेरह जुलाई तक जमा कर सकते हैं। हालाँकि, स्व–नामांकन के अंतिम प्रस्तुतीकरण की तिथि पन्द्रह जुलाई है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार वरिष्ठ अधिकारियों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ डिगलीपुर के आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दल में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त, ग्रामीण विकास सचिव, मत्स्य पालन सचिव, अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता और अन्य विभागीय प्रमुख शामिल हैं। इस दौरान मुख्य सचिव ने डिगलीपुर तहसील के निर्वाचित प्रतिनिधियों और विभाग प्रमुखों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बुनियादी ढाँचे में वृद्धि, पर्यटन को बढ़ावा देने, सार्वजनिक सेवा में सुधार और शिपिंग कनेक्टिविटी सहित कई महत्वपूर्ण विकासात्मक मामलों पर चर्चा की गई। इसके अलावा समुदाय के समक्ष आने वाली विभिन्न स्थानीय चुनौतियों का समाधान भी किया गया। समन्वित शासन के महत्व पर जोर देते हुए, डॉ. कुमार ने परियोजनाओं के समय पर पूरा करने के लिए अंतर–विभागीय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने पंचायती राज संस्था के सदस्यों से क्षेत्र के सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किये जाने पर भी जोर दिया। मुख्य

सचिव ने डिगलीपुर में नवनिर्मित अस्पताल भवन का दौरा किया और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने रॉस और स्मिथ द्वीप का भी दौरा किया।

<><><><><><>

डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने राज्य शिक्षा संस्थान, के सहयोग से द्वीपसमूह के प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय इन–सर्विस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिक्षा विभाग की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को योग्यता–आधारित शैक्षणिक प्रथाओं, नवीन मूल्यांकन विधियों और नए एन सी ई आर टी विषयों और पाठ्यपुस्तकों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें कुल बयासी प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का अंतिम चरण कल मॉडल स्कूल के सभागार में संपन्न हुआ, जहाँ राज्य शिक्षा संस्थान और डाइट की प्राचार्या संगीता चंद उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षकों को अपने कौशल को लगातार निखारने और विषय–आधारित से योग्यता–आधारित शिक्षण पद्धतियों में बदलाव करने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने चाथम पुल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर आदेश जारी किया है। ये अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके तहत अब भारी वाहनों को तीस से चालीस मिट्रिक टन से अधिक भार लेने की अनुमति नहीं है। हल्के वाहनों को पांच मिट्रिक टन से कम भार के साथ जाने की अनुमति है। वाहनों की गति सीमा बीस किलोमीटर प्रतिघंटे होनी चाहिए। इस अधिसूचना में कहा गया है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियां और संबंधित विभाग ये सुनिश्चित करें कि इसका कड़ाई से पालन हो।

उधर, आनन्द पैराडाइज से चाणक्य ट्यूशन सेंटर, स्कूल लाईन जंक्शन तक पाईप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य तीस जून तक चलेगा और वाहन चालकों को सड़क के आधे भाग का इस्तेमाल करने को कहा गया है।

<><><><><><>

जंगलीघाट के पशु चिकित्सालय में मवेशियों में कृत्रिम गर्भाधान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय पशु चिकित्सा कर्मचारियों के व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना था। कार्यक्रम में पशुधन सेवाओं को मजबूत करने और द्वीपों की गायों में आनुवंशिक क्षमता में सुधार करने पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में एआई की उन्नत तकनीकों, वीर्य प्रबंधन और भंडारण, प्रजनन स्वास्थ्य प्रबंधन और रिकॉर्ड रखरखाव पर ध्यान केंद्रित किया गया। बेहतर गर्भाधान दरों के लिए समय पर और स्वच्छ गर्भाधान प्रथाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दावंडे कुलदीप एन ने प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया और क्षेत्रीय परिस्थितियों में प्रजनन विकारों के निवारण पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में जून–जुलाई दो हजार पच्चीस सत्र के लिए यूजी पाठ्यक्रमों के बी ए–अंग्रेजी, बीएससी–केमेस्ट्री, फिजिक्स और बीकॉम के लिए समय सारणी में संशोधन किया गया है। संशोधित तिथि पांडिचेरी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसके अलावा कॉलेज के प्रवेश और परीक्षा अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर भी दर्शा दिया गया है।

<><><><><><><>